भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2336

जिसका उत्तर 23.03.2022 को दिया जाना है

बिहार में सड़क की जीर्ण स्थिति

2336. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बिहार में समस्तीपुर के रास्ते वैशाली-बेगसराय से गुजरने वाली मुख्य सड़क महनार, मोहिउद्दीनगर राजा चौक होते हुए बछवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 28 से जुड़ती है;

(ख) क्या यह भी सच है कि गंगा किनारे घनी आबादी से होकर गुजरने वाली इस मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है और इस कारण यहां दुर्घटनाएं होती हैं; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार बेहद खराब हो चुकी इस सड़क का जीर्णोद्धार करने पर विचार करेगी, यदि हां तो कब तक?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) महनार और मोहिउद्दीन नगर से गुजरते हुए हाजीपुर के पास रारा-22 के अपने जंक्शन से शुरू होने वाला और बिहार राज्य में बछवाड़ा के पास रारा-122 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाले खंड को रारा-122बी घोषित किया गया है।

(ख) से (ग) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के कार्य राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य परिस्थितियों में रखने के लिए समय-समय पर यातायात घनत्व, परस्पर प्राथमिकता और धन की उपलब्धता के अनुसार किए जाते हैं। हाजीपुर से महनार तक (किमी0+000 से किमी 29+730) खंड अधिकतर अच्छी स्थिति में है और महनार से बछवारा (किमी 29+730 से किमी 72+348) तक का खंड ज्यादातर यातायात योग्य स्थिति में है। मंत्रालय ने ईपीसी मोड के तहत 624.43 करोड़ रुपये की राशि के लिए बिहार राज्य में एनएच-122बी के 0 किमी से 72+348 किमी तक पूर्व-निर्माण गतिविधि और एनएच-122बी के किमी 29+730 से किमी 72+348 तक पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन में सुधार के कार्य को मंजूरी दे दी है। बिहार राज्य में ईपीसी मोड के तहत एनएच -122 बी के किमी 29+730 से किमी 72+348 तक पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन में सुधार के लिए निविदा आमंत्रित की गई है और कार्य मई, 2022 में शुरू होने की संभावना है।

*****